शुभ लाभ DAILY
खबरें जो सोच बदल दे
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

### मातृछाया द्वारा स्वास्थ्य और कैंसर जागरूकता शिविर आयोजित

# मातृछाया पिछले 26 वर्षों से मानव सेवा, स्वास्थ्य शिक्षा को सुदृढ़ बनाने में कार्यरत : ललिता नागोरी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
मातृछाया जैन महिला संगठन द्वारा एनआर कॉलोनी स्थित एपीएस एजुकेशनल ट्रस्ट में निःशुल्क स्वास्थ्य और कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नवकार महामंत्र से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि बसवनगुड़ी क्षेत्र के विधायक रविसुब्रमण्या, एपीएस एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विष्णु भरत आलमपल्ली, सचिव ए. प्रकाश, रामैया हॉस्पिटल के डॉ. मोहन, डॉ. लक्ष्मीनारायण, मुख्य प्रायोजक कनकराज संचेती, विशिष्ट अतिथि जैन कांफ्रेंस की राष्ट्रीय प्रमुख मार्गदर्शिका रतनीबाई मेहता, धीरेन्द्रकुमार सिंघी, अशोक नागोरी के साथ संगठन की पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। रामैया हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में आधुनिक मशीनों के



माध्यम से लगभग 380 जरुरतमंद लोगों की कैंसर एवं स्वास्थ्य की जांच की गई। मार्गदर्शिका त्रिशला कोठारी ने बताया कि संगठन का प्रयास है कि उन लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचे, जिनके पास साधन और जानकारी का अभाव है। अध्यक्ष ललिता नागोरी ने बताया कि मातृछाया पिछले 26 वर्षों से मानव सेवा, जीवदया, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और मानवीय कार्यो के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र को सुदृढ़ बनाने में कार्यरत है। एपीएस एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष, डॉ. विष्णु भरत आलमपल्ली ने मातृछाया द्वारा किए जा रहे सेवा, जागरूकता और स्वास्थ्य के प्रति समर्पित प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि मातृछाया परोपकार के कार्यों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक धरोहर को संजोए हुए है। भविष्य में भी सेवा कार्यों में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। डॉ. मोहन ने कहा कि रामैया हॉस्पिटल के साथ मिलकर मातृछाया ने एक स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में लोगों को प्रेरित किया है। डॉ. लक्ष्मीनारायण ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच, सही खान-पान, और नियमित व्यायाम से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। कैंसर जैसी घातक बीमारी भी प्रारंभिक अवस्था में पकड़ी जाए तो उसका उपचार संभव है और एक स्वस्थ जीवन का आनंद लिया जा सकता है। प्रायोजक गीतादेवी कनकराज संचेती ने कहा कि मातृछाया के इस सेवा कार्य से गरीब और वंचित लोगों को स्वस्थ और जागरुक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। मंच संचालन करते हुए सचिव रेशमा बड़ोला ने जानकारी दी कि शिविर में कैंसर परिक्षण के साथ ही ईएनटी, डेंटल, आर्थोपेडिक, रक्तचाप, मधुमेह, डर्माटोलॉजी, नेत्र जांच आदि परिक्षण हेतु विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपस्थित थी। पूर्व पार्षद कविता जैन ने बताया कि मातृछाया ने बीते कई सप्ताहों से जरूरतमंद नगर पालिका कर्मचारियों को शिविर की जानकारी दी और उन्हें भाग लेने के लिए प्रेरित किया। व्यवस्था में उपाध्यक्ष पुष्पा बाफना, निर्मला दांतेवाड़िया, कांता समदड़िया, पुष्पा नागोरी, लीला भंसाली, त्रिशला दांतेवाड़िया, जीना मेहता, मनीषा सालेचा, मीना सोलंकी, मधु तातेड़, वीणा जैन, रिंकू जैन, ईशा वोरा, मंजू ओस्तवाल, मोनिका पालरेचा, सारिका लुंकड़, सरला मेहता, काजल जैन, मंगला खांटेड़, रेणु गांधी, शोभा भंडारी, वंदना कोचर आदि का सहयोग रहा। सभी अतिथियों एवं डॉक्टरों का सम्मान किया गया।

## जो सनाथ होगा वह दूसरों का भी नाथ बन सकेगा: डॉ. वरुणमुनि



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ राजाजीनगर के तत्व-ावधान में उप प्रवर्तक पंकजमुनि के सानिध्य में डॉ. वरुणमुनि ने उत्तराध्यन सूत्र के 20वें अध्ययन महानिर्ग्रन्थीय का विवेचन करते हुए कहा कि महानिर्ग्रन्थ धर्म-तीर्थ होता है। आत्मा के संयम में स्थित रहना उसकी विशेषता होती है। विकारों के आक्रमण से पूर्णतः सुरक्षित होना उसकी विशेषता होती है। जो सुरक्षित हो, वह सुरक्षा दे भी सकता है। मनुष्य की सार्थकता और निरर्थकता, दोनों का सत्य है यह। महानिर्ग्रन्थ अनाथ नहीं होता। असहाय नहीं होता। वह स्वयं तो सनाथ होगा ही, दूसरों का नाथ भी बन सकेगा। डूबतों का सहारा बनने की क्षमता भी उसमें आ जायेगी। वह सहारा सांसारिक नहीं होगा। सच्चा होगा। ऐसे महानिर्ग्रन्थ का स्वरूप व आचार इस अध्ययन में उजागर किया गया है। सांसारिकता का अंधकार और सम्यक्त्व की सुबह, दोनों का एक साथ चित्रण दोनों के ही स्वरूप को स्पष्टता से साकार करता है। सनाथ होने की प्रेरणा देने के साथ-साथ श्रमण-मार्ग के साधकों को सांसारिकता व प्रमाद के विभिन्न स्वरूपों से, मिथ्यात्व के विभिन्न जंजालों से सावधान करने के कारण भी प्रस्तुत अध्ययन की स्वाध्याय मंगलमय है। पूर्व में रूपेशमुनि ने उत्तराध्यन सूत्र का वांचन एवं गुरु स्तवन की प्रस्तुति दी और अंत में पंकजमुनि ने मंगलपाठ प्रदान किया। बच्चों के सामायिक साधना की प्रभावना का लाभ उगमराज लुणावत परिवार ने लिया। अध्यक्ष प्रकाश चाणोदिया ने आभार ज्ञापित किया। संचालन संघ मंत्री नेमीचंद दलाल ने किया।

## महावीर इंटरनेशनल बेंगलूरु सेंटर ने वृक्षारोपण अभियान चलाया




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
स्वस्थ, हरियाली भरे वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध, महावीर इंटरनेशनल बेंगलूरु सेंटर ने रविवार को बेंगलूरु के इसरो लेआउट क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान चलाया। वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई इस पहल ने स्वयंसेवकों को एक साथ लाया, जिन्होंने शहर के लिए एक स्थायी भविष्य बनाने की दिशा में काम किया। महावीर इंटरनेशनल बेंगलूरु सेंटर की अध्यक्ष वीरा भारती छाजेड़ तलेसरा ने पर्यावरण कल्याण के लिए संगठन की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। भारती ने कहा हमारा लक्ष्य समुदाय को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है, जो ताजी हवा प्रदान करते हैं और हरियाली भरे बेंगलूरु में यो-गदान करते हैं। यह तो बस शुरुआत है, हम पूरे शहर में इस मिशन को जारी रखेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों को इस उद्देश्य का समर्थन करते रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्य सचिव विजय राज सिसोदिया ने सक्रिय सदस्यों पदम भूरट, आशिक पिरगल और दिव्या पिरगल के साथ मिलकर इस प्रयास में हाथ मिलाया। दिव्या अपने छोटे बच्चों को भी साथ लेकर पहुंची। साथ मिलकर उन्होंने कई पेड़ लगाए, जो एक स्वच्छ, हरियाली भरे शहर की आशा का प्रतीक हैं। स्वयंसेवकों में से एक ने कहा यह सभी के लिए वास्तव में संतुष्टिदायक अनुभव था, यह जानना कि हम भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण में मदद कर रहे हैं, खुशी और उद्देश्य की गहरी भावना लाता है।

## पहले तोलो फिर बोलो कार्यशाला का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा समृद्ध राष्ट्र योजना के तहत बच्चों में सद् संस्कारों के सिंचन हेतु संस्कारशाला के अंतर्गत पहले तोलो फिर बोलो विषय पर कार्यशाला का आयोजन मालगला स्थित गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र से किया गया। अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत करते हुए बच्चों को मेडिटेशन एवं यौगिक क्रियाएं करवायी।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एवं ट्रेनर पिंकी टेबा ने अपनी प्रस्तुति देते हुए कहा कि शब्द हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

वाणी के अच्छे प्रयोग से हम अपने किसी भी कार्य को अच्छी तरह पूरा कर पाते हैं। हमें हमेशा मीठा और सोच समझकर बोलना चाहिए। जिसकी वाणी अच्छी होती है उसका सभी लोग सम्मान करते हैं। जो व्यक्ति बिना सोचे बिना तोले बोलता है वह जीवन में आगे नहीं बढ़ सकता। इसलिए कहते हैं पहले तोलो फिर बोलो। कार्यक्रम में कार्यशाला की संयोजिका रक्षा मांडोत के अलावा लगभग 50 बच्चों एवं स्कूल के शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## दीपावली पूजन कार्यशाला का आयोजन



**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।**
अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशानुसार रविवार को हासन तेरापंथ युवक परिषद ने तेरापंथ सभा भवन हासन में दीपावली पूजन कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन नम्रता सुराणा एवं तेयूप अध्यक्ष नितेश सुराणा ने मंगल भावना यंत्र की स्थापना करते हुए निर्विघ्न विधि विधान एवं मंगल मंत्रोच्चार के साथ दीपावली पूजन कार्यशाला को संपादित करवाया। जैन संस्कार पूजन विधि के बारे में जानकारी दी एवं सभी जिज्ञास-ाओं का समाधान किया। कार्यक्र में ज्ञानशाला के बच्चे, प्रशिक्षिका, महिला मंडल अध्यक्ष कौशल्या तातेड़, अणुव्रत समिति अध्यक्ष चांदमल सुराणा और युवक परिषद के सदस्य उपस्थित रहे। आभार नितेश सुराणा ने व्यक्त किया।

## आध्यात्मिक आस्था मिलन नामक कार्यक्रम आयोजित




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
अलसूर में स्थित गुरुद्वारा के कॉन्फ्रेंस हॉल में गुरु नानक के 555वीं जयंती के उपलक्ष में आध्यात्मिक आस्था मिलन नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी धर्म के प्रवक्ताओं को बुलाया गया। जिसमें जैन सेवा संगठन सेवा ट्रस्ट एवं जैन सेवा संगठन द्वारा जैनिज्म के बारे में जानकारी देने हेतु राजेश बांठिया के नेतृत्व में संगठन का टीम पहुंचा, जिसमें राजेश चावत ने प्रवक्ता के रूप में जैन धर्म की जानकारी एवं सिद्धांत बताए। इस अवसर पर संगठन से दिनेश खिवेंसरा, रितेश पामेचा, कमल पुनमिया आदि उपस्थित रहे। इस सभा में सिख समाज के अध्यक्ष गुरु सिंह सनाह एवं जसविंदर दौडी, भेलमठ के स्वामी जी, ब्रह्माकुमारी समाज, क्राइस्ट समाज से फादर रिचर्ड मचारडो, बहाई धर्म, रामकृष्ण आश्रम, इस्लाम धर्म से फिरोज अब्दुला समेत अनेक प्रवक्ताओं ने मानव की एकता एवं विश्व शांति के बारे में अपने विचार रखें। सभी ने एक दूसरे के धर्म के प्रति सद्भावना एवं प्रेम वात्सल्य की भावना जताई।

## विनय करने वाला व्यक्ति देव, मनुष्य और गणधरों के होता है करीब

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित गुरुवर पूज्य मलयप्रभ सागर जी द्वारा परमात्मा महावीर निर्वाण कल्याणक के अवसर पर उत्तराध्यन सूत्र का वांचन विवेचना किया गया। परमात्मा महावीर की मूलवाणी के प्रथम अध्याय विनय गुण के बारे में बताते हुए कहा कि जो व्यक्ति विनय करता है वह देव, मनुष्य और गणधरों द्वारा पूजित होता है। धर्म का मूल ही विनय गुण है। दूसरा अध्ययन परिषह प्रविभक्ति में कहा गया है कि जिस मार्ग पर हम चल रहे हैं उन परिषहों को सहन करने में हमें पीछे नहीं होना है। हमें परिषहों को सहन करना है। कष्टों से हमें घबराना नहीं है। परमात्मा ने मुनि भगवन्तों के बाईस परिषहों को सहन करने के बारे में उत्तराध्यन सूत्र के दूसरे अध्ययन में बताया। तृतीय अध्ययन चतुरंगीय, इस जगत में चार चीजें बहुत दुर्लभ है जिसमें मनुष्य भव और जिनशासन मिलना, क्योंकि इसी भव से हमें



मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है, दूसरा जिनागम और जिनवाणी श्रवण, तृतीय जिनवाणी पर श्रद्धा और चतुर्थ जिनाज्ञा के अनुरूप आचरण करते हुए संयम ग्रहण करके मोक्ष लक्ष्य की प्राप्ति करना है। चतुर्थ अध्ययन असंस्कृत यानि अप्रमाद का सेवन करना और प्रमाद का त्याग करना है। हमें चारों कषायों का त्याग करना है। हमें कठिन कर्मों को भोगना ही पड़ेगा, उन्हें भोगे बिना मोक्ष नहीं है। हमें भारंड पक्षी की तरह अप्रमत्त रहकर साधना करनी है। धन और दौलत से कभी भी हमारी रक्षा नहीं होगी, लेकिन रक्षा तो धर्म से ही हो सकती है। पांचवां अध्ययन अकाम मरणीय, मुनियों को बाल मरण नहीं करना है, बल्कि पंडित मरण को प्राप्त करना है। इस देह को हमें रोते रोते नहीं बल्कि हंसते हंसते छोड़ना है। अकाम मरण की जगह सकाम मरण को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना है। छठा अध्ययन छुल्लक निर्ग्रन्थीय जिसमें राग द्वेष की गांठें नहीं रखनी है। इन ग्रन्थियों को हमारे जीवन से दूर करनी है। राग द्वेष की गांठें दूर किए बिना हमें मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकेगी। परमात्मा महावीर के निर्वाण से पूर्व अन्तिम सोलह प्रहर की देशना का सार उत्तराध्यन सूत्र का वांचन गौतम स्वामी केवल ज्ञान कल्याणक दिवस तक गुरुदेव के मुखारविंद से होगा।

## खुशियों की दिवाली बांटे खुशियों का गिफ्ट बॉक्स के तहत अनाथ आश्रमों में मानव सेवा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
तेरापंथ युवक परिषद राज-ाजीनगर द्वारा प्रस्तुत खुशियों की दिवाली बांटे खुशियों का गिफ्ट बॉक्स के तहत रविवार को सामूहिक नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के साथ मानव सेवा कार्य आयोजित किए गए। राजाजीनगर क्षेत्र से 30 किलोमीटर दूर गोट्टीगेरे में दो सेवा कार्य किये गए, जिसमें पहली एबेनेजर चाइल्ड केयर सेंटर में सेवा दी गई। आश्रम संचालाक जैकब ने आश्रम की जानकारी प्रदान करते हुए कहा गत 20 वर्षों से यह चाइल्ड केयर सेंटर





संचालित किया जा रहा है। जिसमें 15 निराश्रित बच्चे प्रवासित है। द्वितीय मानव सेवा कार्य गोट्टीगेरे स्थित बेथेल चाइल्ड केयर सेंटर में किया गया। जहां पर लगभग 30 निराश्रित बच्चियां प्रवासित हैं। केयर टेकर तारा एवं स्टेला ने अनाथ बच्चियों एवं केयर सेंटर की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि यह लगभग 20 वर्षों से संचालित है। तीसरी मानव सेवा नेहरूनगर स्थित दी कर्नाटक ब्लाइंड वेलफेयर एसोसिएशन फॉर दी ब्लाइंड में किया गया। वहां लगभग 30 से अधिक दृष्टिहीन बच्चें प्रवासित हैं। सेंटर के निवेदन पर बच्चों की दैनिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वाशिंग मशीन प्रदान की गई। जिसके प्रायोजक सरेवड़ी निवासी टी.दासरहल्ली प्रवासी सुरेशकुमार चावत परिवार रहे। एसोसिएशन द्वारा प्रायोजक परिवार का सम्मान किया गया। परिषद परिवार ने दिवाली की शुभकामनाएं सम्प्रेषित करते हुए सभी में गिफ्ट बॉक्स का वितरण किया। इसी प्रकार से अन्य जगहों पर भी सेवाएं दी गई। इस अवसर पर तेयुप अध्यक्ष कमलेश चौरड़िया, जयंतीलाल गांधी, संजय मांडोत, राजेश देरासरिया, हरीश पोरवार, अनिमेष चौधरी, सेवा सारथी के संयोजक मुकेश भंडारी एवं सह संयोजक विक्रम बोहरा की उपस्थिति रही।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
तेरापंथ युवक परिषद राज-ाजीनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर - श्रीरामपुरम के अंतर्गत रविवार को कन्नड़ फिल्म स्टार पुनीत राजकुमार की तृतीय पुण्य तिथि के उपलक्ष में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर, फास्टिंग ब्लड सूगर, कंपलीट ब्लड काउंट, टोटल कोलेस्ट्रॉल, दंत परीक्षण, फिजिशियन परामर्श समेत 16 जांच की गई। शिविर की शुरुआत सामूहिक नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुई। कुल 103 लोगों ने शिविर का लाभ लिया। तेयुप द्वारा जांच हेतु पधारे सदस्यों से



वार्तालाप करते हुए एटीडीसी द्वारा प्रदत्त विभिन्न सेवाओं, डॉक्टरों की उपलब्धता एवं अन्य जानकारी से अवगत करवाया गया। स्थानीय लोगों ने धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि एटीडीसी श्रीरामपुरम विशेष अवसरों पर शिविर आयोजित कर जनमानस को लाभान्वित कर रही है। शिविर में एटीडीसी स्टाफ स्मिता, दीपा, श्यामला एवं दीपाश्री का अतु-लनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर तेयुप से अध्यक्ष कमलेश चौरड़िया, जयंतीलाल गांधी एवं राजेश देरासरिया ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

# कर्नाटक के गांव में किसानों की जमीन को लेकर भ्रम की स्थिति: मंत्री एमबी पाटिल

### किसानों की एक इंच भी भूमि वक्फ की संपत्ति नहीं

**विजयपुरा/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल ने रविवार को कहा कि पुराने गजट नोटिफिकेशन में गलती के बाद वक्फ अधिनियम के तहत जिले के होनवाद गांव के लोगों को उनकी पुश्तैनी जमीन खाली करने के लिए नोटिस भेजा गया था। उन्होंने कहा कि कर्नाटक वक्फ बोर्ड गांव में किसानों की 1,200 एकड़ जमीन पर अधिकार का दावा नहीं कर सकता। विजयपुरा जिले के प्रभारी मंत्री पाटिल ने संवाददाताओं से कहा 1974 में गजट नोटिफिकेशन में गलती से इसे होनवाद गांव लिख दिया गया था। वहां की जमीन मूल रूप से महल बाग सर्वे नंबर का हिस्सा है। 1977 में वक्फ बोर्ड ने अपने दस्तावेजों में सुधार किया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि केवल 10 एकड़ श्मशान भूमि ही उसकी है। मंत्री ने बताया कि शेष 1,200 एकड़ भूमि (जिसके बारे में दावा किया जाता है कि वह वक्फ की है) किसानों की है। इसलिए, किसानों की एक इंच भी भूमि वक्फ की संपत्ति नहीं है। पाटिल ने कहा कि वह इस मामले को सुलझाने के लिए जिला, राजस्व विभाग और वक्फ बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि 10 एकड़ श्मशान भूमि से संबंधित मामला भी न्यायालय में विचाराधीन है और लोगों को इसके परिणाम का इंतजार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्मशान भूमि भी पंचायत की संपत्ति है। जब मंत्री का ध्यान विजयपुरा के इंडी तालुक के गांवों में म्यूटेशन में बदलाव की ओर आकर्षित किया गया, तो उन्होंने कहा कि वह इंडी की नहीं बल्कि होनावद गांव की बात कर रहे थे। होनावद के ग्रामीण तब भड़क गए जब उन्हें नोटिस मिला कि उनकी



सारी जमीन वक्फ बोर्ड की है। उन्होंने शनिवार को विजयपुरा में डिप्टी कमिश्नर के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के वक्फ को लेकर किए गए दावे से कर्नाटक की राजनीति गरमा गई थी। दरअसल तेजस्वी सूर्या ने कहा है कि वक्फ बोर्ड ने कर्नाटक में किसानों की 1500 एकड़ जमीन पर दावा किया है। भाजपा सांसद के इस दावे को लेकर कांग्रेस ने हमला बोला है और कहा है कि भाजपा सांसद डर का माहौल बनाना चाहते हैं। भाजपा सांसद के आरोपों पर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि तेजस्वी सूर्या हमेशा डर फैलाते हैं। वे डर का माहौल बनाकर उसका फायदा उठाते हैं। जब वन भूमि, वक्फ भूमि की बात आती है तो दस्ता-वेजों के आधार पर नोटिस जारी किए जाते हैं। सरकार किसी की जमीन नहीं छीन रही है और इसका सवाल ही नहीं है। अगर जमीन किसानों की है तो ये उन्हें मिलेगी और अगर वक्फ की जमीन है तो ये वक्फ को मिलेगी। किसी के अधिकार का हनन नहीं होगा। मुझे यकीन है कि इस मामले में न्याय होगा। हमारे लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। हम ही हैं, जिन्होंने जमीन सुधार किए थे।

तेजस्वी सूर्या के दावे पर कर्नाटक सरकार के मंत्री एमबी पाटिल ने कहा कि मैंने जिलाधिकारी को जांच करने का निर्देश दिया है। मैं खुद किसानों से बात करूंगा और अगर जमीन किसानों की है तो एक इंच जमीन भी उनसे नहीं ली जाएगी। वक्फ संपत्ति की भी सुरक्षा की जाएगी। जिले का प्रभारी होने के नाते किसी के साथ भी अन्याय नहीं होगा। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्धरामैया से पूछा कि क्या वह कर्नाटक को पाकिस्तान बना रहे हैं, क्योंकि विजयपुरा जिले के अधिकारी हजारों एकड़ जमीन को वक्फ बोर्ड में शामिल करने पर विचार कर रहे हैं। यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सूर्या ने कहा कि वक्फ, अल्पसंख्यक मामलों और आवास मंत्री बी.जेड.जमीर अहमद खान के निर्देशानुसार विजयपुरा जिले के अधिकारी किसानों की जमीन को वक्फ बोर्ड में शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हालांकि, इस बात का कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है कि जमीन वक्फ बोर्ड की है। सिद्धरामैया और मंत्री जमीर, क्या आप कर्नाटक को पाकिस्तान बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग नहीं जानते कि केंद्र सरकार वक्फ अधिनियम में संशोधन क्यों ला रही है। उन्होंने कहा मंत्री जमीर ने कुछ जिलों का दौरा किया और उपायुक्तों को वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गई संपत्तियों को 15 दिनों में पंजीकृत करने का निर्देश दिया।

**सीसीबी पुलिस की कार्रवाई**

## हनी ट्रैप के जरिए कांग्रेस नेता को ब्लैकमेल करने के आरोप में दंपत्ति गिरफ्तार



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में, सीसीबी पुलिस ने एक दंपति को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री मलिकैया गुट्टेदार को रिकॉर्ड किए गए व्हाट्सऐप वीडियो कॉल के जरिए हनी ट्रैप के जरिए ब्लैकमेल कर रहे थे। नलपद ब्रिगेड की कलबुर्गी इकाई की अध्यक्ष मंजुला पाटिल और उनके पति शिवराज पाटिल अब पुलिस हिरासत में हैं। कांग्रेस की लंबे समय से सदस्य रहीं मंजुला ने गुट्टेदार के साथ संबंध बनाए और उनकी बातचीत रिकॉर्ड कर ली। बाद में उन्होंने इस फुटेज का इस्तेमाल पैसे ऐंठने के लिए किया, जिसमें खुलासा हुआ कि उन्होंने कई लोगों को ब्लैकमेल किया है, जैसा कि उनके फोन पर मिली जानकारी से पता चलता है। स्थिति तब और बिगड़ गई जब 21 अक्टूबर को मंजुला ने गुट्टेदार के बेटे रितेश से संपर्क किया और दावा किया कि उनके पिता ने उन्हें अपमानजनक संदेश भेजे हैं। स्वाति गार्डेनिया होटल में बाद में हुई मुलाकात के दौरान, उन्होंने कानूनी कार्रवाई को रोकने और वीडियो को निजी रखने के लिए 20 लाख रुपये की मांग की। दंपत्ति ने 23 और 24 अक्टूबर को व्हाट्सऐप कॉल के जरिए रितेश को बार-बार परेशान किया और धमकी दी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे वीडियो जारी कर देंगे। शनिवार को गरुड़ मॉल के पास से गिरफ्तार किए गए इस दंपत्ति के पास छह स्मार्टफोन थे, जिनका कथित तौर पर उनकी योजना में इस्तेमाल किया गया था। जांचकर्ताओं को आठ व्यक्तियों के निजी वीडियो मिले, जिनमें एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य और अन्य अधिकारी शामिल हैं। सीसीबी सक्रिय रूप से अपनी जांच जारी रखे हुए है।

## आतिशबाजी पर प्रतिबंध राज्य सरकार का फैसला नहीं: ईश्वर खंड्रे

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री ईश्वर खंड्रे ने स्पष्ट किया है कि पटाखों पर प्रतिबंध राज्य सरकार के अपने निर्णय के अनुसार नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में है।

इस आदेश को कागजी शेर बताने वाले केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को कागजी शेर कहे जाने वाले जोशी मंत्री बने रहने के योग्य नहीं हैं। रिट याचिका (सिविल) संख्या 728-2015 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि दिवाली या गुरुपर्व जैसे अन्य त्योहारों पर पटाखे केवल रात 8 बजे से 10 बजे के बीच ही फोड़े जाने चाहिए।

उन्होंने केंद्र सरकार को इसे लागू न करने का आदेश जारी करने की चुनौती दी है। कोर्ट ने यह भी फैसला सुनाया कि 125 डेसिबल से ज्यादा आवाज वाले पटाखे नहीं फोड़े जाने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करना राज्य सरकार का कर्तव्य है



और हम इसे लागू कर रहे हैं। भाजपा के मन में कोर्ट के प्रति कोई सम्मान नहीं है। ऐसे में वे इस तरह का बयान देकर लोगों के बीच भ्रम पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि वे नफरत बोएंगे। ईश्वर खंड्रे ने कहा कि भाजपा नेताओं को प्रार्थना कक्षों के बारे में अनावश्यक बातें करके दो समुदायों के लोगों के बीच नफरत पैदा करने पर शर्म आनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मद्देनजर कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एक सर्कुलर जारी किया है, जिसे स्थानीय निकायों को लागू करना होगा। जागरूक नागरिकों को दीपक जलाकर दिवाली मनानी चाहिए। साथ ही उन्होंने जनता से पर्यावरण बचाने का आह्वान किया।

इससे पहले मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने सुझाव दिया है कि दिवाली के दौरान केवल हरित पटाखों की अनुमति है और किसी भी कारण से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली आतिशबाजी की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पटाखों की सूची और बिक्री प्रक्रिया में सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। जिला कलेक्टरों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों को सुझाव दिया कि इस संबंध में सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

**बारिश से फसलों को नुकसान**

# अशोक ने किसानों को एक सप्ताह के अंदर मुआवजा देने पर दिया जोर

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने व्यंग्य करते हुए कहा कि विपक्ष द्वारा यह बताए जाने के बाद कि राज्य के किसानों को असामयिक बारिश के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, कांग्रेस सरकार नींद से जाग गई और जिला प्रशासन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से बैठक की। इस संबंध में उन्होंने एक्स पर ट्वीट किया कि सरकार को सावधान रहना चाहिए कि पिछले साल सूखा राहत वितरण के दौरान और इस साल मानसून फसल क्षति मुआवजे के वितरण के दौरान जो गलतियां हुईं, उन्हें न दोहराया जाए। उन्होंने मांग की कि फसल क्षति का सर्वेक्षण कराया जाए और एक सप्ताह के अंदर किसानों के हाथ में मुआवजा राशि पहुंचाने की कार्रवाई की जाए। किसी प्रकार का बहाना करके देर करने की बजाय तैयारी की जानी चाहिए और सर्वे रिपोर्ट



मिलते ही किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पैसा जमा कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल से सूखे की मार झेल रहे किसानों तक अगर एक सप्ताह के अंदर राहत राशि पहुंच जाए तो उन्हें आसानी से दिवाली मनाने में मदद मिलेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने जिला कलक्टरों और मुख्य परिचालन अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक में चालू मानसून सीजन के दौरान भारी बारिश से हुए नुकसान के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि कलक्टर स्वयं भारी बारिश, बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों और आसपास के इलाकों का दौरा करें और किसी भी आपदा से बचने के लिए सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि वे क्षतिग्रस्त स्थानों पर जाकर निरीक्षण करें और नियमानुसार तत्काल राहत प्रदान कर लोगों को सहूलियत प्रदान करें। पहले ही अनुमान लगाया जा चुका है कि मानसून सीजन यानी अक्टूबर से दिसंबर के दौरान राज्य के कई हिस्सों में सामान्य से ज्यादा बारिश होगी। राज्य के प्रमुख जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता 895.62 टीएमसी है और वर्तमान जल भंडारण 871.26 टीएमसी है। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 505.81 टीएमसी थी। इस बार जलविद्युत उत्पादन के लिए अच्छी मात्रा में पानी उपलब्ध है। कावेरी घाटी और कृष्णा घाटी में भी अच्छा जल भण्डार है। पीने के लिए पर्याप्त पानी रखने और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि मानसून के मौसम के दौरान भारी बारिश के कारण कुल 25 मौतें हुईं और आपातकालीन मुआवजे का भुगतान किया गया था। भारी बारिश से 19 बड़े मवेशी, 66 छोटे मवेशी की मौत हो गयी। इस दौरान भारी बारिश के कारण 84 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और 2077 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। क्षतिग्रस्त हुए पूरे घर के निर्माण के लिए 1.20 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश पहले ही दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन में आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 50 हजार रुपये तक मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। फसल क्षति को लेकर संयुक्त सर्वे चल रहा है और 3-4 दिनों में सर्वे का काम पूरा हो जायेगा। अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर संयुक्त सर्वेक्षण कार्य पूरा कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। उन्होंने मकान क्षति एवं जनहानि के मामलों में 48 घंटे के अंदर मुआवजा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बाढ़ राहत कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है और धनराशि की कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी और तहसीलदार के खाते में धनराशि उपलब्ध है और इसका पर्याप्त उपयोग करने का आदेश दिया गया है। झीलों से अतिक्रमण हटाने के लिए सभी जिलाधिकारियों को पहले ही समय सीमा तय कर दी गयी थी।

**डिजिटल गिरफ्तारी का एक और मामला**

# पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर महिला से 50 लाख ठगे

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** एक महिला ने मुंबई के पुलिस कर्मियों के रूप में खुद को ठगने वाले जालसाजों के हाथों 50 लाख रुपये गंवा दिए। शिकायत में महिला ने कहा कि उसे एक व्यक्ति का फोन आया जिसने खुद को महाराष्ट्र के अग्रीपाड़ा पुलिस स्टेशन का सब-इंस्पेक्टर विनय कुमार बताया।

फोन करने वाले ने दावा किया कि उसके खिलाफ अवैध विज्ञापनों में उसके मोबाइल नंबर के दुरुपयोग के लिए मामला दर्ज किया गया है और उसे पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन आने को कहा। जब उसने मना कर दिया, तो फोन करने वाले ने कहा कि उच्च अधिकारी उससे संपर्क करेंगे। बाद में, उसे सीबीआई से आकाश कुल्हारी होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने दावा किया कि



नरेश गोयल की संपत्ति पर छापेमारी के दौरान उसके खाते से जुड़ा एक एटीएम कार्ड मिला है। उसने यह भी कहा कि मुंबई में उसके केनरा बैंक खाते में 2 करोड़ रुपये जमा किए गए थे। तदनुसार, मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया गया है। कॉल करने वाले ने कहा कि उसे सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किया जाएगा और उसे संबंधित दस्ता-वेजों के साथ सुप्रीम कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया। इसके बाद शिकायतकर्ता को ऑनलाइन जांच का विकल्प दिया गया, अगर वह व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं हो सकती। फोन करने वाले पर भरोसा करके उसने अपने बैंक खातों और सावधि जमाओं का विवरण दे दिया। इसके बाद आकाश ने उसे जांच से बचने के लिए आरबीआई खाते में धनराशि स्थानांतरित करने की सलाह दी और 19 अक्टूबर को बंधन बैंक की वराछा शाखा शिवानी एंटरप्राइजेज को 50 लाख रुपये भेजने का निर्देश दिया। उसके निर्देशों का पालन करते हुए, उसने रसीद को व्हाट्सऐप के माध्यम से साझा किया, जिस पर आकाश ने तीन दिनों के भीतर धन वापसी का वादा किया। जब उसने 23 अक्टूबर को एमसीसी बैंक खाते में पैसे जमा करने के लिए कहा, तो आकाश ने यह कहते हुए मना कर दिया कि स्थानांतरण केवल मूल खाते में ही किया जा सकता है। फिर उसने उसे शेष राशि दूसरे खाते में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। यह महसूस करते हुए कि उसके साथ धोखा हुआ है, उसने तुरंत शिकायत दर्ज करने के लिए पुलिस स्टेशन का रुख किया। मेंगलूरु ईस्ट पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

## शहर के पुलिस कमिश्नर के नाम से बना फर्जी फेसबुक अकाउंट




**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बदमाशों ने शहर के पुलिस कमिश्नर अनुपम अग्रवाल के नाम से एक फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया और कई लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। शहर के पुलिस कमिश्नर की प्रोफाइल को जालसाजों ने डुप्लिकेट कर दिया और फिर फेसबुक पर कई लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। कुछ लोगों को रिक्वेस्ट पर शक हुआ और उन्होंने कमिश्नर से संपर्क कर फर्जी अकाउंट के अस्तित्व का खुलासा किया। शहर के पुलिस कमिश्नर अनुपम अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि फेसबुक पर अनुपम अग्रवाल आईपीएस नाम से कई लोगों को संदेश भेजे गए हैं। उन्होंने पुष्टि की कि अकाउंट फर्जी है।

## उपचुनावों में लोग कांग्रेस के कुशासन का देंगे उचित जवाब: बोम्मई

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा सांसद बसवराज बोम्मई ने कहा कि राज्य की जनता तीन विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों में सत्तारूढ़ कांग्रेस को उसके कुशासन के लिए करारा जवाब देगी।



शिग्गांव में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सपना देख रही है कि उसकी गारंटी योजनाएं सफल होंगी, लेकिन यह सच नहीं होगा। बोम्मई के बेटे भरत बोम्मई 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में शिग्गांव से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। बोम्मई ने कहा जिस तरह लोगों ने पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था, उसी तरह का समर्थन उन्हें मिलेगा और पार्टी कार्यकर्ता चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कर्नाटक के आवास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमीर अहमद की चुनौती के बारे में पूछे जाने पर बोम्मई ने इसे हास्यास्पद और सच्चाई से कोसों दूर करार दिया। जमीर अहमद ने कहा था कि बसवराज बोम्मई ने शिग्गांव विधानसभा क्षेत्र के विकास के बारे में कभी कोई चर्चा नहीं की। मंत्री ने आगे कहा कि अगर बोम्मई यह साबित कर दें कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के बारे में चिंतित हैं तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। शिग्गांव निर्वाचन क्षेत्र में जातिगत गणित के बारे में पूछे गए सवाल पर भाजपा सांसद ने कहा कि वे (लोग) सभी एकजुट हैं। उन्होंने कहा सभी समुदायों के लोगों ने भरत बोम्मई के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। कर्नाटक के तीन विधानसभा क्षेत्रों में उप-चुनाव 13 नवंबर को होंगे। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। शिग्गांव और संदूर के भाजपा उम्मीदवारों - भरत बोम्मई और बंगारू हनुमंथा ने आगामी उप-चुनावों के लिए शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया था। इसके अलावा, हाई-प्रोफाइल चन्नपट्टना विधानसभा क्षेत्र के लिए एनडीए उम्मीदवार निखिल कुमारस्वामी ने भी शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया। निखिल कुमारस्वामी केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी के बेटे और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते हैं। हाल ही में भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए सी.पी. योगेश्वर, चन्नपट्टना उपचुनावों के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार हैं।

## नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न

# आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास की सजा



**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।** शिवमोग्गा मूल के एक आरोपी युवक को नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न से संबंधित मामले में 20 साल के कठोर कारावास (आरआई) की सजा सुनाई गई है। जानकारी के अनुसार, शिवमोग्गा मूल के 27 वर्षीय युवक ने अप्रैल 2023 में ब्रह्मवर में आयोजित एक विवाह समारोह में भाग लिया था। विवाह समारोह समाप्त होने के बाद, वह कुछ दिनों तक लड़की (पीड़िता) के घर में रहा था। उसने लड़की का यौन उत्पीड़न किया और उसे किसी को भी इस बारे में न बताने की धमकी दी। कुछ दिनों के बाद, लड़की को कुछ स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएँ हुईं और उसे अस्पताल ले जाया गया जहाँ पता चला कि वह गर्भवती थी। पूछताछ करने पर मामला सामने आया। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार महिला थाने में मामला दर्ज किया गया था। उडुपी के महिला थाने के इंस्पेक्टर जयानंद के ने अदालत में आरोप पत्र पेश किया। 36 गवाहों में से 20 गवाहों ने अदालत में गवाही दी। जिला न्यायालय के न्यायाधीश श्रीनिवास सुवर्णा ने जांच करते हुए आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 21,000 रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माने की राशि में से 15,000 रुपये पीड़ित लड़की को और 6,000 रुपये सरकार को देने का आदेश दिया। न्यायाधीश ने सरकार को पीड़ित लड़की को 2 लाख रुपये देने का भी निर्देश दिया। विशेष लोक अभियोजक वाई टी राघवेंद्र ने अभियोजन पक्ष के पक्ष में दलील दी। दिसंबर 2024 में आरोप पत्र दाखिल किया गया और 10 महीने के भीतर फैसला सुनाया गया।

# अनाधिकृत और घटिया गुणवत्ता वाली इमारतों को गिराया जाएगा: शिवकुमार



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और बेंगलूरु विकास मंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि राज्य की राजधानी में अनाधिकृत और घटिया गुणवत्ता वाली इमारतों को गिराने का अभियान जारी है।

यह अभियान बेंगलूरु में मंगलवार को इमारत ढहने की दुखद घटना के बाद शुरू किया गया है, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी। जांच में पता चला है कि इमारत ढहने का कारण घटिया काम था और निर्माण अवैध रूप से किया गया था। जांच में यह भी पता चला है कि अधिकारियों ने मालिक को नोटिस देने के बाद अपना पल्ला झाड़ लिया था। विधानसभा में बारिश से हुए नुकसान पर बैठक के बाद शिवकुमार ने कहा हमने इमारतों के अनाधिकृत निर्माण को रोकने का फैसला किया है। उन्होंने कहा पिछली सरकार ने अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों की शक्तियों में कटौती की थी। हमारी सरकार ने अनधिकृत निर्माण को रोकने के लिए नागरिक एजेंसियों – बीबीएमपी, बीडीए और बीएमआरडीए को भी शक्तियां देने का फैसला किया है। अनधिकृत संपत्तियों का पंजीकरण भी रोका जाएगा। साथ ही, हम अतिक्रमण हटाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

बाढ़ राहत कार्यों को लेकर विपक्षी नेताओं की आलोचना पर उन्होंने कहा बेंगलूरु में दो बच्चे झील में डूब गए और घटिया निर्माण के कारण लोगों की मौत हो गई।

शहर में बारिश से संबंधित कोई मौत नहीं हुई है। हमने बाढ़ प्रभावित लोगों को होटलों में ठहराया है और उनके खाने का इंतजाम किया है। हमारे अधिकारी चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। बाढ़ के लिए कोई स्थायी समाधान होने के सवाल पर उन्होंने कहा हमने बरसाती नालों का निर्माण करने और उन बरसाती नालों के साथ सड़कें बनाने का फैसला किया है। बरसाती नालों के साथ सड़कें इलाके में इमारतों की सुरक्षा करती हैं और बरसाती नालों की सफाई और गाद निकालने में भी आसानी होती है। पहले चरण में हम शुरुआत में 300 किलोमीटर तक ऐसी सड़कें बनाएंगे। बैठक के दौरान राज्य के डीसी को क्या निर्देश दिए गए, इस पर उन्होंने कहा हमने उन्हें निर्देश दिया है कि जहां भी बारिश के कारण फसलों को नुकसान हुआ है, वहां मुआवजा दिया जाए। भाजपा के इस आरोप पर कि कांग्रेस वक्फ के जरिए किसानों की जमीन अधिग्रहण करके तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है, उन्होंने कहा कि वह इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे।

# बेलगावी कांग्रेस अधिवेशन के शताब्दी समारोह की तैयारी पर चर्चा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** महात्मा गांधी द्वारा बेलगावी में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन के सौ साल पूरे होने के मद्देनजर कांग्रेस एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर रही है। रविवार को छुट्टी होने के बावजूद मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने गृह कार्यालय कृष्णा से वीडियो संचार के माध्यम से बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेलगावी सत्र का शताब्दी वर्ष कांग्रेस के लिए अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता को फिर से स्थापित करने का एक मंच होना चाहिए।

कार्यक्रम के तहत आयोजित पदयात्रा एवं मंचीय कार्यक्रमों में प्रत्येक विधायक एवं सांसद को सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कार्यक्रम को रीढ़ की हड्डी के रूप में समर्थन दिया जाए। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि पार्टी के हर नेता को सभी को विश्वास में लेकर कार्यक्रम की योजना बनानी चाहिए।

किसी भी मतभेद को दूर रखा जाना चाहिए और पार्टी कार्यालय में ही बैठकें की जानी चाहिए। उन्होंने पार्टी में शामिल हुए नए लोगों को बिना किसी भेदभाव के सभी को साथ लेकर चलने की सलाह दी। वहीं, तीन विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव पर भी चर्चा हुई।

## राज्य परिवहन विभाग की कार्रवाई

# निजी बस संचालकों द्वारा किराया वृद्धि से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक परिवहन विभाग ने दीपावली की भीड़ के दौरान निजी बस संचालकों द्वारा अधिक किराया वसूलने की सूचना देने में यात्रियों की मदद के लिए एक समर्पित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

हर साल, निजी बस संचालक लंबे सप्ताहांत, छुट्टियों और विशेष रूप से दीपावली के मौसम के दौरान टिकट की कीमतों में 30 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि करते हैं, जब यात्रा की मांग चरम पर होती है। इस तरह की बढ़ोतरी मुख्य रूप से उच्च मांग वाले मार्गों को प्रभावित करती है, जिससे छुट्टियों के लिए अपने गृहनगर तक पहुँचने के लिए बसों पर निर्भर रहने वाले कई लोगों के लिए यात्रा करना महंगा हो जाता है। इस प्रथा का मुकाबला करने के लिए, विभाग ने यात्रियों के लिए अधिक किराया वसूलने के मामलों की सूचना देने के लिए दो संपर्क नंबर – 9449863429 और 9449863426 जारी किए हैं। परिवहन विभाग के अतिरिक्त आयुक्त (प्रवर्तन) सी. मल्लिकार्जुन ने कहा कि अनुचित किराया वृद्धि पर यात्रियों की शिकायतों पर हाल ही में हुई चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने आगे जोर दिया कि विभाग उन ऑपरेटरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए तैयार है, जिनमें अत्यधिक किराया वृद्धि के बारे में चेतावनियों को नजरअंदाज करने वाले ऑपरेटरों के परमिट निलंबित करना या पंजीकरण रद्द करना शामिल है। परिवहन विभाग ने निजी बस ऑपरेटरों और ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म को एक सख्त नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्हें आगामी त्यौहारी सीजन में अत्यधिक किराया वसूलने के खिलाफ चेतावनी दी गई है। विभाग के एक अन्य अधिकारी ने कहा हम समझते हैं कि मांग के कारण उचित किराया वृद्धि की उम्मीद की जा सकती है, लेकिन अत्यधिक मूल्य मुद्रास्फीति के उदाहरण अस्वीकार्य हैं।

ऑपरेटरों को उचित मूल्य बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। हम यात्रियों से संभावित धोखाधड़ी से बचने के लिए नकली बुकिंग ऐप का उपयोग करने के बारे में भी सतर्क रहने का आग्रह करते हैं। इस बीच, बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) ने कर्नाटक और पड़ोसी राज्यों के विभिन्न गंतव्यों के लिए बेंगलूरु से 2,000 अतिरिक्त बसें जोड़ने की घोषणा की है।

# एनडीए सरकार में अपराध की घटना में आई कमी: उपेंद्र कुशवाहा



**पटना/एजेंसियां।** बिहार यात्रा के तीसरे फेज के दौरान राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा कैमूर के रास्ते बक्सर रविवार दोपहर पहुंचे। इस दौरान बक्सर सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता की। उन्होने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि अब रास्ते में बैठ कर अपहरण की रकम तय नहीं होती। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में अपराध की घटना में कमी आयी है। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि कम से कम बिहार में पहले वाली स्थिति नहीं है। 2005 से पहले एक अणे मार्ग में फिरौती की रकम तय होती थी, जिसे देने के बाद अपहरण से मुक्त किया जाता था। अब स्थिति ये है की कोई भी घटना होती हैं तो उसपर करवाई होती है। पहले व्यापार करने वाले लोग बिहार छोड़कर भाग रहे थे, क्योंकि बिहार में आतंक और पाखंड का माहौल था, उससे एनडीए की सरकार ने बिहार को बाहर लाया है। राज्यसभा सांसद कुशवाहा ने कहा कि हम मानते हैं कि छिटपुट घटना अभी भी बिहार में होती है, लेकिन उसपर त्वरित करवाई भी होती है। उन्होने कहा कि बिहार यात्रा के दौरान आम जनता, पार्टी व एनडीए के कार्यकर्ता और नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है। सभी से मिलकर आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए फीडबैक लेना है। ताकि आने वाले समय सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व एक मजबूत सरकार फिर से बनाया जा सके।



***बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बसवेश्वरा नगर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता पावर स्टार पुनीत राजकुमार कप का आयोजन किया गया। जिसमें 21 टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने वक्तव्य में कहा जो खेलता है वह खिलता है। स्वस्थ रहने के लिए खेल अनिवार्य है। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।*

# एक सांसद को सड़क छाप भाषा का नहीं करना चाहिए इस्तेमाल: मंत्री अशोक चौधरी



**पटना/एजेंसियां।** बिहार की चार विधानसभा सीटों इमामगंज, बेलागंज, तरारी और रामगढ़ में 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव से पहले राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

इसी सिलसिले में बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने बेलागंज में एक कार्यक्रम के दौरान राजद सांसद सुधाकर सिंह पर तीखा हमला बोला। मंत्री अशोक चौधरी ने राजद सांसद सुधाकर सिंह द्वारा बिहार सरकार के दोनों डिप्टी सीएम को 'रावण का अवतार' कहने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक सांसद को सड़क छाप भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सुधाकर सिंह जैसे व्यक्ति को, जो सांसद हैं, भाषा की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक जीवन और राजनीति में व्यवहारिकता होनी चाहिए और अच्छे शब्दों का चयन कर विरोधियों को जवाब देना चाहिए। अशोक चौधरी ने सुधाकर सिंह की आलोचना करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि सुधाकर सिंह को राजनीतिक जीवन में अभी बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। एक सांसद को इस तरह की भाषा शोभा नहीं देती। अगर नेता इस तरह की सड़क छाप भाषा बोलेंगे, तो इसका गलत संदेश जाएगा। उन्होंने सुधाकर सिंह को सलाह दी कि उन्हें अपने बयानों में संयम और मर्यादा का पालन करना चाहिए। तेजस्वी यादव द्वारा जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार पर मानहानि का केस दर्ज करने के सवाल पर अशोक चौधरी ने कहा कि यह मामला न्यायालय का है और प्रवक्ता ही इसका जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि न्यायालय को इस मामले को देखना चाहिए और न्यायालय का फैसला ही सर्वमान्य होगा।

जानकारी के मुताबिक, अशोक चौधरी को बेलागंज विधानसभा सीट का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान जदयू प्रत्याशी मनोरमा देवी के पक्ष में प्रचार किया और लोगों से उन्हें जिताने की अपील की। बेलागंज सीट पर जदयू और राजद के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है, जहां जदयू की मनोरमा देवी और राजद के विश्वनाथ यादव आमने-सामने हैं। जबकि जन सुराज पार्टी के मो. अमजद भी चुनावी मैदान में हैं, जिससे मुकाबला और रोचक हो गया है।

# सड़क हादसे में एक की मौत



**पटना/एजेंसियां।** पटना में तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो में सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य शख्स बुरी तरह से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने आननफानन में घायल शख्स को इलाज के लिए पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास गांव के लोग सड़क पर उतर आए। ग्रामीणों ने नाराज ग्रामीण पटना-बिहटा मार्ग को जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोग मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। घटना बिहटा थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव के पास की है।

# तेजस्वी का बड़ा दांव : शहाबुद्दीन का परिवार राजद लौटा, ओसामा लड़ेंगे आगामी चुनाव



पटना (एजेंसियां)। पूर्वी मुख्यमंत्री लालू यादव की पार्टी में आज पूर्व सांसद दिवंगत शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब शामिल हो गए। राबड़ी आवास पर लालू प्रसाद यादव ने दिवंगत शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब और बेटे ओसामा को खुद राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता दिलाई। इस दौरान तेजस्वी यादव ने ओसामा को लालू के जीवन पर आधारित किताब और पार्टी का गमछा दिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, वरीय नेता अब्दुल बारी सिद्दकी समेत कई वरीय नेता मौजूद रहे। तेजस्वी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि ओसामा और उनके परिवार से राजद का काफी पुराना रिश्ता रहा है। वह राजद में शामिल हो चुके हैं। आगामी चुनाव में वह राजद की ओर से मैदान में उतरेंगे। आज हम सभी लोग एकजुट हुए हैं. और हम सब मिलकर पार्टी को एकजुट होकर मजबूत करने का काम करेंगे। सांप्रदायिक शक्तियों को भगाने का काम करेंगे।

रविवार सुबह से ही राबड़ी आवास के बाहर राजद और ओसामा शहाब के समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सदस्यता ग्रहण करने से पहले ओसामा और उनकी मां हिना शहाब राजद राबड़ी आवास पहुंची। अगली काले रंग की गाड़ी में ओसामा थे। पीछे की गाड़ी में हिना शहाब बैठी थीं। परमात्मा राम पहले से मौजूद थे। उनके यहां पहुंचने के साथ ही कार्यकर्ता जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। फिलहाल अंदर में मुलाक़ात हो रही है। समर्थक गेट के बाहर अपने नेता को देखकर काफी उत्साहित नजर आ रहे। इससे पहले शनिवार देर रात को ओसामा राबड़ी आवास पहुंचे थे। यहां राजद सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी यादव से मुलाकात की। लालू का पैर छूकर ओसामा ने आशीष लिया। इसके बाद करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। इधर, गोरिया कोठी की पूर्व प्रत्याशी नूतन वर्मा, राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष परमात्मा राम और हीना शहाब राजद में शामिल हुए।

एक वक्त था जब शहाबुद्दीन का कद राजद में काफी बड़ा था। वह लालू के सबसे करीबी नेताओं में गिने जाते थे। शहाबुद्दीन के निधन के बाद उनके परिवार का राजद से संबंध ठीक नहीं चल रहा था। लोकसभा चुनाव में हिना शहाब ने राजद से टिकट नहीं मिलने के बाद सीवान से निर्दलीय चुनाव लड़ा था। हालांकि चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब एक साल बाद चुनाव है। चर्चा है कि ओसामा विधानसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाना चाहते हैं। राजद भी सीवान और आसपास के इलाकों में अपने पैर को फिर से मजबूत करना चाह रहा।

# बिहार में जहरीली कोल्ड ड्रिंक से सात बच्चे बीमार, सभी अस्पताल में भर्ती



पटना (एजेंसियां)। राजधानी पटना के फतुहा क्षेत्र में एक ही परिवार के सात बच्चे कोल्ड ड्रिंक पीने से बीमार हो गए। घटना के बाद सभी बच्चों को तुरंत फतुहा सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) ले जाया गया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना के एनएमसीएच (नालंदा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल) रेफर कर दिया गया।

बीमार बच्चों की पहचान प्रज्ञा कुमारी (5), सोनम कुमारी (6), सुरुचि कुमारी (7), राधा कुमारी (8), खेसारी कुमार (9), अरमान कुमार (10) और रानी कुमारी (13) के रूप में हुई है। ये सभी दरियापुर गांव निवासी हीरा लाल यादव के बच्चे हैं।

जानकारी के अनुसार, अरमान कुमार सड़क किनारे से मिली कोका-कोला कंपनी की 'माजा' ब्रांड की आधा लीटर सीलबंद बोतल ले आया था। घर के अन्य बच्चों ने भी उस कोल्ड ड्रिंक को एक साथ मिल-बांट कर पी लिया। कुछ देर बाद सभी बच्चों को चक्कर और उल्टियां आने लगीं। परिजनों ने तुरंत सभी बच्चों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति गंभीर पाते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए एनएमसीएच रेफर कर दिया।

घटना के बारे में 13 वर्षीय रानी कुमारी ने बताया कि उसका भाई अरमान सड़क से एक कोल्ड ड्रिंक लेकर आया, जिसे सभी बच्चों ने मिल-बांटकर पिया। इसके बाद सभी बीमार हो गए और अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी का इलाज पटना के एनएमसीएच में चल रहा है।

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में जहरीली कोल्ड ड्रिंक को लेकर चिंता और डर का माहौल है। पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है, ताकि कोल्ड ड्रिंक के स्रोत और उसकी गुणवत्ता की जांच की जा सके।

# गिरिराज सिंह को तेजस्वी यादव ने किया इग्नोर चाचा नीतीश कुमार पर लगा दिया बड़ा आरोप



पटना (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार, आएसएस और भाजपा पर फिर से हमला बोला है।

राबड़ी आवास पर रविवार दोपहर पत्रकारों से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश जी के राज में आरएसएस, भाजपा को फूलने फैलने दिया। यहां सिर्फ नफरत की बात की जाती है। उसे दौर में बेहद जरूरी है कि हम सब एक जुट होकर सांप्रदायिक शक्तियों का सामना करें। अगर उनका मंसूबा है कि भाई को भाई से लड़ाओ नफरत फैलाओ बांटने का यह लोग जो काम कर रहे हैं। इसके खिलाफ हम सब मजबूती से एकजुट हो।

तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग चाहते हैं कि बिहार में अमन चैन शांति का वातावरण रहे। बिहार की तरक्की हो, यहां लोगों की तरक्की हो। इस दिशा में हम लोग काम करेंगे। जो असल मुद्दा है, वह बेरोजगारी का है। गरीबों का है। महंगाई का है। बिहार के विकास का है। लेकिन, बिहार में एनडीए की सरकार विकास का बात नहीं करके विनाश का बात करती है। और इस दिशा में यह लोग काम करते हैं। बिहार की न्याय प्रिय जनता यह बुद्ध की धरती रही है। सदा से अमन चैन यहां रहे। हमेशा शांति बनी रहे। यही बिहार की जनता चाहती है। आज हम सभी लोग एकजुट हुए हैं। हम सब मिलकर पार्टी को एकजुट होकर मजबूत करने का काम करेंगे। सांप्रदायिक शक्तियों को भगाने का काम करेंगे।

गिरिराज सिंह के द्वारा दिए गए थप्पड़ वाले बयान पर तेजस्वी यादव ने कहा कि छोड़िए ना उन सब बातों में कुछ रखा है? निगेटिव बात करने से क्या फायदा? गिरिराज सिंह का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि उनके बात का कोई वैल्यू है क्या? उनके बात का कोई मतलब है क्या? इन लोगों का काम है नफरत फैलाना जहर फैलाना। इन लोगों के आने जाने से कोई फर्कनहीं पड़ने वाला है। गिरिराज सिंह द्वारा त्रिशूल रखने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार है वह चाहे जो रखवाएं। हमें कोई लेना देना नहीं है।

# समस्तीपुर में लाठी-डंडों से पीटकर बहू की हत्या, सास गंभीर

दरभंगा (एजेंसियां)। समस्तीपुर जिले के पटोरी थानाक्षेत्र के चांदपुर धमौन गांव में शुक्रवार रात एक दर्दनाक घटना घटी। जहां आपसी विवाद में पाटीदारों ने मानती देवी और उनकी बहू कविता देवी को लाठी-डंडों से पीट-पीट कर अधमरा कर दिया।

घटना के बाद दोनों को गंभीर हालत में पटोरी अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें पटना रेफर कर दिया गया। पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने के बाद कविता देवी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि मानती देवी की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, यह विवाद नई झाड़ू की चोरी को लेकर हुआ। चांदपुर धमौन गांव निवासी मनीष कुमार की मां मानती देवी ने शुक्रवार को एक नई झाड़ू खरीदी थी और उसे घर के आंगन में रख दिया था। लेकिन बाद में जब उन्होंने देखा कि उनकी नई झाड़ू की जगह किसी ने पुराना झाड़ू रख दिया है, तो उन्होंने गुस्से में गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। इस बात पर उनकी चचेरी गौतनी संगीता देवी और जावत लक्ष्मण कुमार, मोहन कुमार और चचेरा ससुर जुलूम राय ने लाठी-डंडे से मानती देवी पर हमला कर दिया। जब उनकी बहू कविता देवी बीच-बचाव करने आई तो उसे भी बेरहमी से पीटा गया।

इस हमले के बाद दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिवार के सदस्यों ने उन्हें तत्काल पटोरी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया। पटना के अस्पताल में इलाज के दौरान कविता देवी की मौत हो गई, जबकि मानती देवी की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी जुलूम राय को गिरफ्तार कर लिया है। पटोरी के डीएसपी बीके मेधावी ने बताया कि घटना के पीछे नई झाड़ू की जगह पुराना झाड़ू रखने की बात सामने आई है, जिससे यह विवाद शुरू हुआ। पुलिस ने इस मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास कर रही है।

इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों में इस बर्बर घटना को लेकर आक्रोश है और लोग कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि एक मामूली विवाद ने जानलेवा हिंसा का रूप ले लिया, जो बेहद निंदनीय है। ग्रामीणों ने इस मामले में दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है।

# महिला से 10 लाख की रंगदारी मांगी, नहीं देने पर गंदी तस्वीर वायरल करने की धमकी दी

दरभंगा (एजेंसियां)। दरभंगा में साइबर थाना की पुलिस ने महिला को अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपए मांगने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक अब्दुल असीम सिद्दीकी उर्फ सोहराब को लहेरियासराय थाना क्षेत्र सैदनगर से गिरफ्तार किया गया है। इसकी पुष्टि साइबर थाना की पुलिस ने किया है। गिरफ्तार युवक घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के आसी गांव का निवासी है वह फिलहाल दरभंगा में रहकर पढ़ाई करता है।

बताया जाता है कि बिरौल थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने साइबर थाना में आवेदन गुहार लगाई थी कि एक अज्ञात नम्बर से उनकी पत्नी का अश्लील फोटो वीडियो वाट्सएप पर भेज कर 10 लाख रुपये मांगने के लिए वाट्सएप कॉल किया उसने कहा कि रुपये दो नही तो यह वीडियो फ़ोटो सोसल मीडिया और वायरल कर देंगे। थोड़ी देर बाद उसने वाट्सएप से फ़ोटो वीडियो को डिलीट कर दिया और उसने उसे इंस्टाग्राम और अन्य सोसल मीडिया और फ़ोटो और वीडियो को डाल दिया। इसके बावजूद वह लगातार फोन करके पैसे की डिमांड कर रहा था। व्हाट्सएप कॉल पर लगातार वह धमकी देते हुए बोल रहा था कि पैसे शीघ्र नहीं भेजे तो अब यह फोटो वीडियो तुम्हारे रिश्तेदारों और गांव के लोगों को भी भेज देंगे।

इधर, पुलिस जांच में उस युवक की पहचान घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के आसी गांव निवासी अब्दुल सत्तार के पुत्र अब्दुल असीम सिद्दीकी उर्फ सोहराब के रूप में हुई है। जिसे साइबर थाना की पुलिस ने लहेरियासराय थाना क्षेत्र के सैदनगर से गिरफ्तार किया है। इस सम्बंध में साइबर थाना के इंस्पेक्टर विशाल सिंह ने बताया कि बिरौल थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति महिला का अश्लील वीडियो फ़ोटो व्हाट्सएप पर भेजकर 10 लाख रुपये की मांग रहा था। जांच के दौरान इसे इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप नंबर के जरिए आरोपी की पहचान कर उसे लहेरियासराय थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी युवक से पूछताछ की जा रही है।

# सीएम नीतीश कुमार के आवास पर एनडीए की महाबैठक



पटना (एजेंसियां)। बिहार के सियासी गलियारे में हलचल जारी है। रविवार को राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाईटेड में सदस्यता अभियान चला। राजद में दिवंगत शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब और बेटे ओसामा शहब शामिल हुए। जदयू में क्रिकेटर ईशान किशन के पिता प्रणव पांडेय शामिल हुए। अब सोमवार को पटना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की महाबैठक होने जा रही है। यह बैठक सीएम नीतीश कुमार के आवास पर होगी। एनडीए के नेताओं ने इसे महाअभियान नाम दिया है।

जानकारी देते हुए सीएम नीतीश कुमार के करीबी और जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर 28 अक्टूबर को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन होने वाली है। संजय झा ने अभी तो नॉमिनेशन ही हुआ है।

अब तक जो फीडबैक मिला है, उसमें यह बात सामने आ रही है कि हमलोग चारों विधानसभा सीटों पर उपचुनाव जीत रहे हैं। हमलोग बड़े मार्जिन से जीत रहे हैं।

लोगों को पता है कि डबल इंजन की सरकार विकास पर वोट मांग रही है। कई काम अभी होना है। इसलिए विकास को वोट करना है। एनडीए जरूरी है।

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि 28 अक्टूबर को एनडीए की विस्तृरित मीटिंग अणे मार्ग में सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में होगी। इसमें एनडीए के सभी सांसद, विधान मंडल दल के नेता, जिलाध्यक्ष और प्रदेश स्तर के वरीय नेता शामिल होंगे। सब लोगों का एक ही उद्देश्य है कि आने वाले चुनाव में सबलोग एकजुट होकर आगामी चुनाव लड़े। एक तरह से एक अभियान की शुरुआत हो रही है।

# राजद नेता ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर तीखा हमला बोला

## देश में नफरत फैलाने का आरोप लगाया



दरभंगा (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा के लोक लेखा समिति के अध्यक्ष और राजद नेता भाई वीरेंद्र ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने भाजपा नेता गिरिराज सिंह का नाम बदलकर 'गिद्धराज सिंह' कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि गिरिराज सिंह बिहार सहित पूरे देश में नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। भाई वीरेंद्र ने कहा कि गिरिराज सिंह हिन्दू-मुस्लिम के बीच तनाव पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बिहार की जनता जागरूक है और यहां दंगे नहीं होने देंगे।

राजद नेता ने गिरिराज सिंह की हिंदू स्वाभिमान यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि गिद्धराज सिंह, जो समाज में नफरत फैला रहे हैं, उनका नफरत की दुकान को बिहार में खोलने का प्रयास सफल नहीं हो रहा है। भाई वीरेंद्र ने नीतीश कुमार से अपील की कि ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करें और उन्हें जेल में बंद करें ताकि सांप्रदायिक ताकतों पर अंकुश लगाया जा सके।

भाई वीरेंद्र ने साफ किया कि जब तक लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और महागठबंधन के नेता बिहार में हैं, तब तक कोई भी दंगा नहीं हो सकता। उनका दावा है कि बिहार में सांप्रदायिक शक्तियों को बढ़ावा देने का कोई प्रयास सफल नहीं होगा और राजद ऐसी ताकतों के खिलाफ डटकर खड़ा रहेगा। गौरतलब है कि यह बयान ऐसे समय आया है जब बिहार में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा एक-दूसरे पर नामकरण और नफरत फैलाने के आरोप लगाए जा रहे हैं, जिससे राज्य में सियासी माहौल गर्म हो गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरि जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com